गृह मंत्रालय, भारत सरकार, के राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार व इस संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों की अनुपालना में दिनांक 08.06.2023 को क.रा.बी. निगम आदर्श अस्पताल में एक दिवसीय पूर्णकालीन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 15 कर्मचारियों ने कार्यशाला में सहभागिता की |

राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने व कार्यालय में अधिकाधिक कामकाज हिंदी में करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था | कार्यालय में कुल 04 कालांश रखे गए | श्री श्याम सुन्दर, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) मुख्यालय ने बतौर मुख्य व्याख्याता कार्यशाला में उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया तथा उन्हें राजभाषा नियम, अधिनियम एवं संकल्प की विस्तृत जानकारी दी |

कार्यशाला के अंत में सहभागी कर्मचारियों से कार्यशाला के बारे में प्रतिक्रिया ली गई| कार्यशाला के समापन सत्र को डा अनिता मिढा, (चिकित्सा अधीक्षक) द्वारा संबोधित किया गया एवं हिंदी को बढ़ावा देने वाली प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया गया | सभी सहभागी कर्मचारियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए |